संख्या-3/2017/945एस.ची.उ.अनु.-1/17-2504/2017

प्रेषक,

संजय आर. भूसरेड्डी,
प्रमुख सचिव,
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग,
उ.प्र. शासन।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 17 अगस्त, 2017

विषय:-ई-प्रणाली क्रियान्वित किये जाने हेतु ई-आफिस साफ्टवेयर के प्रीमियम वर्जन स्थापित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप ई-प्रणाली के अन्तर्गत विभाग में पूर्णरूपेण कम्प्यूटरीकरण किया जाना है जिससे त्वरित गति से विभाग में डिजिटल कार्यप्रणाली के माध्यम से फाइलों एवं अन्य विभागीय कार्यों का समयान्तर्गत निष्पादन किया जा सके। विभाग में शासन स्तर पर गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग तथा कार्यालय गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उ.प्र. (समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों सहित), उ.प्र. राज्य चीनी निगम लि., उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान, उ.प्र. गन्ना शोध परिषद, शाहजहाँपुर, उ.प्र. सहकारी गन्ना समिति संघ लि., लखनऊ में ई-आफिस साफ्टवेयर एप्लीकेशन के क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के दृष्टिगत ई-आफिस साफ्टवेयर के प्रीमियम वर्जन को उक्त सभी कार्यालयों में स्थापित कराने हेतु हार्डवेयर-इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्वर की आपूर्ति सहित संबंधित को निर्देशित करते हुए इन्स्टाल कराने का कष्ट करें, ताकि विभागीय कार्यों को डिजिटलाईज्ड माध्यम से त्वरित गति प्रदान की जा सके।

भवदीय,

(संजय आर. भूसरेड्डी)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in